# एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने वाले दो गिरफ्तार

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कोतवाली पुलिस ने एटीएम बदलकर पिन देखने के बाद राशि आहरण कर धोखाधड़ी करने वाले आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने धर दबोचने में सफलता हासिल की है।

इस संबंध में कोतवाली थाना प्रभारी आशीष कुमार ने बताया कि प्रार्थी दिलीप सूर्यवंशी निवासी वार्ड न 46 मोहन नगर छिन्दवाडा ने 03 जुलाई 2025 को थाने में उपस्थित आकर रिपोर्ट लेख कराया था कि 30 जून 2025 को जब प्रार्थी एस.बी.आई.के ए.टी.एम. से पैसे निकालने बस स्टेण्ड छिन्दवाड़ा के पास गया।

उसके पीछे खडे व्यक्ति ने उसका ए.टी.एम. पिन देख लिया और उसे विश्वास में लेकर उसका ए.टी.एम. कार्ड बदलकर उसे दूसरा ए.टी.एम. कार्ड दे दिया और प्रार्थी के ए.टी.एम. कार्ड से कुल 79 हजार रुपये निकाल लिये। प्रार्थी को मैसेज आने पर प्रार्थी के द्वारा थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराने पर अपराध क्र. 392/2025 धारा 318 (4)भा.न्य.सं. का पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया।

इसी प्रकार 04 जुलाई 2025 को प्रार्थी यशवंत राव कालबांडे निवासी दुर्गा मंदिर के पास पाठाढाना छिन्दवाड़ा ने थाने में उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 03 जून 2025 को एस.बी.आई. बैंक के ए.टी.एम. परसुराम वाटिका के पास से पैसे निकालने के दौरान उसके पीछे खडे व्यक्ति ने उसका ए.टी.एम. पिन देख लिया और उसे विश्वास मे लेकर उसका ए.टी.एम. कार्ड बदलकर उसे दुसरा ए.टी.एम. कार्ड दे दिया और उसके ए.टी.एम. से 30 हजार रुपये निकाल लिया। प्रार्थी को मैसेज आने पर प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध क्र. 396/2025 धारा 318(4) भा.न्य.सं. का पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया।



## महंगे शौक पूरे करने के लिए दिल्ली में सीखा एटीएम कार्ड बदल कर धोखाधड़ी करना

पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय आई.पी.एस. के द्वारा जिले मे हो रही ए.टी.एम. कार्ड बदलकर धोखाधड़ी के आरोपियो को पकड़ने के लिये निर्देश जारी किये गये, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता आई.पी.एस. के मार्गदर्शन में एवं नगर पुलिस अधीक्षक छिन्दवाड़ा अजय राणा व थाना प्रभारी कोतवाली आशीष कुमार धुर्वे के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया।

कोतवाली पुलिस टीम के द्वारा निरंतर सायबर सैल छिन्दवाड़ा से संपर्क कर घटना स्थल के आसपास लगे सी.सी.टी.वी. केमरे को खंगाला गया सी.सी.टी.वी. फुटेज प्राप्त होने पर फुटेज के आधार पर दो संदिग्ध व्यक्ति विनोद उर्फ रोहित पिता स्व. डालचंद गौतम उम्र 35 साल एवं अनुज पिता राजेंद्र कुमार सिंगोतिया उम्र 25 साल दोनो निवासी ग्राम कुडारी थाना धनोरा जिला सिवनी को चंदनगाव बस स्टेण्ड से पकड़कर पुछताछ करने पर पहले तो पुलिस को गुमराह करते रहे।

फिर कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी विनोद के द्वारा बताया गया कि उसने अपनी गर्लफ्रेंड एवं अपने मंहगे शोक के लिये पहले दिल्ली में रहते हुए एटीएम बदलकर फ्रोड करना सीखा फिर छिन्दवाड़ा आकर अभी तक छिन्दवाड़ा शहर मे दो ए.टी.एम. कार्ड बदलकर घटना कारित करना स्वीकार किये, जिनके कब्जे से 60 हजार रुपये, 19 ए.टी.एम. कार्ड, एक एक्टीवा गाड़ी कुल मशरुका 01 लाख रुपये का जप्त कर आरोपीगणो को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

इस संपूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक आशीष कुमार धुर्वे, उ.नि. नरेश झारिया, स.उ.नि. ब्रिजेश सिह रघुवंशी, स.उ.नि. अमित कुमार यादव, आर. 219 विकास बैस, आर. 857 शैलेन्द्र राजपूत, आर. 720 अमित तौमर, सायबर सैल प्र. आर. नितिन सिंह, आर. आदित्य रघुवंशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# अतिथि शिक्षक से की मारपीट, मामला दर्ज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मुहर्रम के जुलूस के दौरान सिंगोड़ी बाजार चौक में एक गंभीर मारपीट की घटना सामने आई है। अय्यूब अंसारी के साथ तीन युवकों ने अभद्रता कर मारपीट की। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

बताया जा रहा है कि पीटने वाले ने लड़की से छेड़छाड़ की था। इसी विवाद में मारपीट की गई। सिंगोड़ी चौकी प्रभारी पंकज राय ने बताया कि यह घटना रविवार को रात लगभग 8:30 बजे की है, जब अय्यूब अंसारी सिंगोड़ी बाजार चौक में मुहर्रम के जुलूस में शामिल होने पहुंचे थे। उसी दौरान नयन सोनी, पिंटू वर्मा और पारस साहू वहां पहुंचे और कथित रूप से अभद्रता की। जब अय्यूब ने विरोध किया तो आरोपित नयन सोनी ने पास में पड़ी लकड़ी से उनके सिर पर वार किया, जिससे उन्हें गंभीर चोट आई और खून निकलने लगा इसके बाद पिंटू वर्मा और पारस साहू ने भी उनके साथ हाथ मुक्कों से मारपीट की, जिससे उन्हें पसली में अंदरूनी चोटें आईं ।

घटना की आवाज सुनकर मौके पर जीशान अंसारी, नदीम मंसूरी और सरफराज मंसूरी पहुंचे और बीच-बचाव किया। इसके बाद आरोपित धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए।

इस मामले में ये खास बात सामने आई कि अतिथि शिक्षक अय्यूब अंसारी पर पिछले दिनों एक मामला दर्ज हुआ था जिस पर उसके खिलाफ लड़की से छेड़छाड़ का आरोप था बताया जा रहा है कि इसी पुराने विवाद के चलते ये हमला किया गया। इस पूरे प्रकरण के चलते अय्यूब को अतिथि शिक्षक के पद से भी हटाया गया था। हालाकि पुलिस मामला दर्ज करने के पश्चात दोनों पक्षों की बारीकी से जांच भी की जा रही है और इस मामलें में कार्यवाही भी होगी।

## सार समाचार

### 44 वर्ष सेवा देने के बाद रिटायर हुए रमेश भावरकर को दी गई विदाई



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पी.डब्ल्यू.डी. विभाग में स्थाई कर्मी के रूप में पदस्थ रमेश भावरकर गत दिवस अपने पद से सेवा निवृत्त हुए। रमेश भावरकर 1982 में पीडब्ल्यूडी में जॉइनिंग की थी और अपनी 44 वर्ष तक सेवा देने के बाद अपने पद से सेवानिवृत्त होने के बाद के सभी कर्मचारियों ने उनको रामलला का छायाचित्र, श्री फल, शाल ओढ़ाकर उनको भावभीनी विदाई दी गई। इस मौके पर संजय मटकर, गोपाल मस्तकार स्थल सहायक, रमेश साहू, गोपी कोलारे स्थल श्रमिक, रामकुमार यादव, मुरली विश्वकर्मा, भागवत रैकवार एवं सभी कर्मचारी मौजूद रहे जहां सभी ने उनके उज्जवल वाले भविष्य की कामना की।

### सांप या जहरीले कीड़े के काटने पर मरीज को तत्काल पहुंचायें अस्पताल, झाड़ फूंक में जा सकती है जान

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** बरसात की शुरुआत से ही जहरीले कीड़े एवं सांपो के निकलने से सर्प दंश की घटनाएं होती रहती है, जानकारी के आभाव मे लोग सर्प दंश के मरीज को अस्पताल ले जाने मे विलंब करते है और घरेलू उपचार करने लगते है जब तक तबियत काफी बिगड़ चुकी होती है, जबकि स्वास्थ्य केन्द्रों में एन्टीस्नेक वेनम इंजेक्शन की उपलब्धता है।

सिविल डिफेन्स के मास्टर ट्रैनर श्यामलराव ने बताया की देश मे 300 प्रजाति के सर्प पाये जाते हे जिसमे से 70 प्रतिशत सर्प जहरीले नही होते केवल 30 प्रतिशत ही जहरीले और 15 प्रतिशत सर्प काटते है जिसमें कोबरा, करेत, रसेल वाईपर और सी-स्नेक काफी जहरीला होता है काटने पर तुरंत उपचार कराने अस्पताल जाना चाहिए। बरसात के मौसम में सर्प-दंश व जहरीले जीव-जन्तुओं के काटने की घटनाएं अधिक होती हैं ओर घटना के पश्चात सर्पदंश के मरीज का ईलाज स्थानीय स्तर पर झाड़फूंक के जरिए करता ओर मरीज को जोखिम मे डाल देता है, बल्कि प्रभावित मरीज को तत्काल नजदीकी अस्पताल अवश्य पहुंचायें ताकि मरीज का बिना समय गंवाए तत्काल उपचार शुरू हो सके।

श्री राव ने आगे बताया कि एन्टीस्नेक वेनम इंजेक्शन के लिए जिला अस्पताल एवं जिले के समस्त पी.एच.सी.सी.एच.सी. में उपलब्ध होते है। सांप या जहरीले कीड़े के काटने पर एंटी वेनम इंजेक्शन के लिए अस्पताल मे पदस्थ चिकित्सक से संपर्क किया जा सकता है।

### भूतपूर्व सैनिकों का मासिक सैनिक सम्मेलन आज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन सुमित सिंह की अध्यक्षता में भूतपूर्व सैनिकों का मासिक सैनिक सम्मेलन आज 08 जुलाई 2025 को प्रात: 11:30 बजे जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। सभी भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं और उनके आश्रितों से अनुरोध है कि वे इसमें उपस्थित होकर अपनी शिकायतें यदि कोई हों तो लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकते हैं। सैनिक सम्मेलन में केएसबी और मध्यप्रदेश सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी भी दी जाएगी।

### वर्षा जनित आपदाओं से निपटने सभी अधिकारी अलर्ट मोड पर रहें

**अनूपपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिले में सक्रिय वर्षा ऋतु और संभावित आपदा प्रबंधन को लेकर सभी विभागों के अधिकारियों को सतर्क एवं तत्पर रहने के निर्देश दिए हैं। कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में आयोजित समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया कि आपदा की स्थिति में प्रभावित व्यक्ति को तत्काल मुआवजा और प्रत्येक ग्राम पंचायत में शेल्टर होम की स्थापना प्राथमिकता में रहे।

# गुढ़ी अंबाड़ा क्षेत्र में अकीदत के साथ मनाया मातमी पर्व मोहर्रम

**गुढ़ी अम्बाड़ा, देशबन्धु।** पैगंबरे इस्लाम हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के प्यारे नवासे हजरत इमाम हुसैन की शहादत का मातमी पर्व मोहर्रम गुढ़ी अंबाड़ा सहित मोहन कॉलरी (सियाल) क्षेत्र में अकीदत के साथ मनाया गया। इस दौरान मोहर्रम की 1 तारीख से मोहर्रम की 10 तारीख यौमे आशूरा के दिन तक जगह-जगह लंगर पुलाव, खिचड़ा, व शरबत छबील बांटा गया इसके अलावा मदरसा नूरिया माईनस में प्रतिदिन ख्वातीनो (औरतो) के द्वारा कुरान ख्वानी का एहतेमाम कर कुराने पाक की तिलावत की गई।

इसके अलावा कर्मवीर कॉलोनी माईनस बस स्टॉप एवं मटन मार्केट अंबाड़ा एवं सियाल इमामबाड़ा के पास 10 दिनों तक प्रतिदिन शाम को बैठाकर लंगर खिलाया गया एवं बांटा भी गया इसके अलावा 6 जुलाई रविवार मोहर्रम की 10 तारीख को गुढ़ी बस स्टॉप में लंगर बनाकर खिलाया गया इसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए। एवं मोहर्रम की 10 तारीख यौमे आशूरा के दिन कर्मवीर कॉलोनी माइनस, अंबाड़ा एवं सियाल से ताजिया निकाला गया जो कि क्षेत्र का गस्त करते हुए शाम में गुढ़ी बस स्टॉप पहुंचे।



रविवार मोहर्रम की 10 तारीख यौमे आशूरा की रात 8:00 बजे से गुढ़ी बस स्टॉप में इस्लामी फारूकी अखाड़ा गुढ़ी के खिलाड़ियो के द्वारा शानदार प्रदर्शन करते हुए एक से बढ़कर एक करतब दिखाए गए व अखाड़ा खेला गया जिसे देखकर उपस्थित दर्शकों ने सराहना करने के साथ ही साथ दांतो तले उंगली दबाने को मजबूर हो गए। मोहर्रम पर्व के दौरान निरंतर 10 दिनो तक आयोजित हुए कार्यक्रम के दौरान अंबाड़ा चौकी प्रभारी तरुण सिंह मरकाम सहित स्थानीय पुलिस चौकी के स्टाफ के द्वारा कार्यक्रम को संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई एवं शांति व सुरक्षा व्यवस्था को भी बनाए रखा गया।

इस अवसर पर यादें हुसैन लंगर कमेटी माईनस, नागराज कॉलोनी, यादे हुसैन लंगर कमेटी गुढ़ी बस स्टॉप, यादे हुसैन कमेटी मोहन कॉलरी और अंजुमन कमेटी गुढ़ी अंबाड़ा सियाल मोहन कॉलरी का सहयोग रहा।

# आईटीआई छिन्दवाड़ा में एफटीसी के लिए कैंपस ड्राइव आयोजित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शासकीय आई.टी.आई. छिन्दवाड़ा में कल 7 जुलाई 2025, दिन सोमवार को मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड हरियाणा द्वारा आई.टी.आई. उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों के लिए एफ्टीसी के लिये कैंपस ड्राइव का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 74 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया।

कम्पनी प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों की लिखित परीक्षा के बाद 52 प्रशिक्षणार्थियों का प्राथमिक चयन किया गया जिनका साक्षात्कार 08 जुलाई 2025 को शासकीय आई.टी.आई. जबलपुर में होगा। अंतिम रूप से चयनित प्रशिक्षणार्थियों का वेतन 28000 रूपये प्रति माह होगा। इस अवसर पर प्राथमिक रूप से चयनित प्रशिक्षणार्थियों को संस्था प्राचार्य सी.बी. उईके एवं प्लेसमेंट अधिकारी शिव कुमार सनोडिया द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई ।

## गुरू पूर्णिमा पर्व पर होगा शिविलिंग का निर्माण : नितिन राय

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शिवसेना द्वारा गुरू पूर्णिमा पर्व पर पार्थेश्वर शिवलिंग का निर्माण किया जायेगा तत्पश्चात शिवलिंग का पूजान पाठ के साथ सद्‌गुरूदेव श्री 108 गोवर्धन पटेल की चरण पूजन करते हुए गुरू पूर्णिमा उत्सव मनाया जायेगा। पार्थेश्वर शिवलिंग का विसर्जन मां नर्मदा के तट पर होगा। धर्मप्रेमी जनता जनार्दन से शिवसेना नेता नितिन राय ने गुरूपूर्णिमा पर्व में शामिल होकर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

# डीआरएम एवं डीपी से नागपुर में मिले विधायक उइके

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल सोमवार को जुन्नारदेव विधायक सुनील उईके ने अपने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर नागपुर में मध्य रेल के डीआरएम विनायक गर्ग एवं वेकोलि के कार्मिक निदेशक डॉ. हेमंत शरद पाण्डे से उनके कार्यालय में मुलाकात की।

विधायक उईके ने मध्य रेल के डी.आर.एम. को क्षेत्र की रेल्वे सम्बन्धी समस्याओं का माँग पत्र सौपते हुए बताया कि जुन्नारदेव में निर्मित हो रहे रेल ओव्हर ब्रिज का निर्माण रेल्वे लाइन के दोनों ओर लगभग पूरा हो चुका है किंतु ओवरब्रिज को रेल लाइन के ऊपर से अभी लांचिंग (जोड़ने) की अनुमति प्राप्त होने में विलंब हो रहा है, जिससे की क्षेत्रवासियों को आवागमन करने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, इसलिए तत्काल ओव्हरब्रिज की लॉन्चिंग का शेड्यूल तय किया जाए जिससे की जुन्नारदेव शहर सहित क्षेत्र के लोगों का आवागमन सुचारू रूप से प्रारंभ हो सके।

## जुन्नारदेव में रेलवे ओवरब्रिज का शेड्यूल शीघ्र तय करने की मांग



इसके साथ ही पेंचव्हेली फास्ट पैसेंजर का स्टॉपेज पालाचौरई, हिरदागढ़ एवं बरेलीपार में पूर्ववत प्रारम्भ किया जाए तथा पातालकोट सुपरफास्ट का स्टॉपेज हिरदागढ़ में भी प्रारम्भ किया जाए इसके साथ ही इन सभी रेल्वे स्टेशनों का उन्नयन किया जा कर यहाँ पर जन सुविधाएं बढ़ाई जाए। मुलाकात में डी. आर.एम. विनायक गर्ग ने विधायक श्री उईके को शीघ्र ही इन समस्याओं के निराकरण का भरोसा दिया।

सोमवार को ही विधायक सुनील उईके ने वेकोलि मुख्यालय में कार्मिक निदेशक डॉ. हेमंत शरद पाण्डे से मुलाकात कर कन्हान क्षेत्र में शीघ्र ही स्थायी जी.एम. की नियुक्ति की माँग के साथ ही कन्हान क्षेत्र की कोयला खदानों की मशीनों एवं संसाधनों की पेंच एरिया में शिफ्टिंग को तत्काल रोकने की माँग भी की। इसी के साथ विधायक श्री उईके ने बंद एवं नई कोयला खदानों को प्रारम्भ करने के लिए वन एवं पर्यावरण विभाग की ओर से स्वीकृति मिलने में हो रहे विलंब पर भी अपनी चिंता जाहिर करते हुए उचित कदम उठाए जाने की माँग भी कार्मिक निदेशक के समक्ष रखी। कन्हान क्षेत्र के क्षेत्रीय चिकित्सालय वेलफेयर हॉस्पिटल की जर्जर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर कोयला खदान कामगारों, उनके परिजनों एवं क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की माँग भी की गई। वेकोलि की सहायता से जुन्नारदेव विधानसभा क्षेत्र में संचालित सीबीएसई कन्हान व्हेली स्कूल भी अब वेकोलि की उपेक्षा के कारण लगातार अपनी पहचान खोते जा रहा है।

कन्हानव्हेली स्कूल को पूर्व की तरह कंपनी की ओर से सहायता नहीं मिल पाने के कारण शिक्षा का स्तर लगातार गिर रहा है, जिससे कि वेकोलि कामगारों एवं क्षेत्रवासियों को मंहगे निजी शिक्षण संस्थानों की ओर जाने को विवश होना पड़ रहा है। इसलिये कन्हान व्हेली स्कूल की सहायता पूर्ववत की जानी चाहिए जिस पर कार्मिक निदेशक डॉ. हेमंत शरद पाण्डे ने विधायक उईके को आश्वत किया कि वे शीघ्र ही कन्हान क्षेत्र का दौरा कर समस्याओं के हल का प्रयास करेंगे।

# ग्राम भैंसदंड में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नालसा (बच्चों के लिए बाल अनुकूल कानूनी सेवाएँ) योजना, 2024 के अंतर्गत छिंदवाडा विकास खंड के ग्राम भैंसदंड में पी.एम.श्री शासकीय हाई स्कूल में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन प्रधान जिला न्यायाधीश एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सुशांत हुद्दार के निर्देशन मे किया गया।

इस अवसर पर जिला न्यायाधीश एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राकेश सिंह ने आयोजित शिविर में उपस्थित छात्र-छात्राओं तथा ग्रामवासियों को विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुये बताया गया की राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की बाल-अनुकूल कानूनी सेवाएँ योजना 2024 का उद्देश्य अठारह वर्ष से कम आयु के बच्चों के कानूनी अधिकारों और सुरक्षा को बढ़ाना है, जिसमें बच्चे के सर्वोत्तम हितों पर जोर दिया गया है। यह योजना बच्चों के लिए एक सहयोगात्मक वातावरण प्रदान करने और उन्हें कानूनी सहायता सुलभ बनाने का प्रयास करती है, जिसमें विभिन्न प्रकार के जोखिमों और चुनौतियों का सामना कर रहे बच्चे शामिल हैं। योजना के मुख्य बिंदुओं में यह योजना बच्चों के सर्वोत्तम हितों को सर्वोपरि रखती है, जिसमें उन्हें न्याय और संरक्षण तक पहुँच सुनिश्चित करता है तथा यह योजना कानूनी सहायता तक पहुँच योजना विधि से संघर्षरत बालक, यौन अपराधों से प्रभावित बच्चें, तस्करी के शिकार बच्चें, बाल विवाह के शिकार बच्चें, और विकलांग बच्चों सहित सभी बच्चों के लिए कानूनी सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करती है साथ ही यह योजना में जागरूकता कार्यक्रम और प्रशिक्षण आयोजित करता है ताकि बच्चों को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी मिल सके और वे उनका लाभ उठा सकें। यह बच्चों को स्कूल में प्रवेश या पुन: प्रवेश के लिए भी जागरूक करता है।



विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य श्यामल राव ने कहा की इस योजना में बच्चों के लिए मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएँ स्कीम 2024 के तहत लीगल सर्विस यूनिट फॉर चिल्ड्रन (बच्चों के लिए कानूनी सेवा इकाई) का गठन किया गया है साथ ही यह योजना पुलिस, श्रम विभाग और अन्य संबंधित प्राधिकरणों के साथ समन्वय स्थापित करती है ताकि निर्देशों का पालन किया जा सके और मामलों पर आगे की कार्रवाई की जा सके एवं बच्चों के लिए गोद लेने, आर्थिक संरक्षण और पालन-पोषण जैसी गैर-संस्थागत सेवाओं के बारे में जागरूकता फैलाने पर भी जोर दिया जाता है।

आयोजन को सफल बनाने मे पी. एल.व्ही. यशोदा सूर्यवंशी, ग्राम की संरपंच वर्षा यदुवंशी, सचिव सुनील कपाले, शिक्षक कैलाश मिश्रा, दिलीप शैरके, शर्मिला सल्लाम, सुनंदा सोनी, शोभा काटकर, शांति ठाकुर, कमलेश यदुवंशी, रेवाराम सल्लाम का सराहनीय सहयोग रहा ।

# कार्य में ढिलाई पर दो अधिकारियों की वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने कल सोमवार 7 जुलाई को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित टी एल बैठक में समय सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में सीएम हेल्पलाइन, सीएम कार्यालय, सीएम हाउस, विभिन्न आयोगों, वरिष्ठ कार्यालयों एवं न्यायालयों से जुड़े लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की। साथ ही विभिन्न समसामयिक एवं अंतर्विभागीय मुद्दों पर भी चर्चा की और महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंह ने सी एम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश सभी विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने आज की स्थिति तक जिन विभागों की शिकायत निराकरण प्रगति 60 प्रतिशत से कम है, उनके विभाग प्रमुखों का वेतन रोकने के निर्देश दिए।

प्रदेश में मुख्यमंत्री समाधान ऑनलाइन की तर्ज पर जिले में भी समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। यह कलेक्टर शीलेंद्र सिंह की पहल है। यह कार्यक्रम प्रत्येक माह में दो बार सोमवार को आयोजित किया जाता है। समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम के अंतर्गत बैठक में दो महत्वपूर्ण लंबित प्रकरणों की विशेष समीक्षा की गई।

पहला मामला स्वास्थ्य विभाग से संबंधित था, जिसमें तहसील छिन्दवाड़ा के ग्राम अदवर निवासी अनिशा बिंदवारी की नसबंदी असफल होने के बावजूद मुआवजा राशि प्राप्त नहीं हुई थी। यह प्रकरण अगस्त 2022 से लंबित है। इस पर कलेक्टर श्री सिंह ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित एल-1 अधिकारी की दो वेतनवृद्धियां तथा नसबंदी शाखा के प्रभारी की एक वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिए। साथ ही

## समय सीमा की बैठक



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को 7 दिवस के भीतर मुआवजा राशि का भुगतान सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया।

दूसरा प्रकरण महिला बाल विकास से संबंधित था, जिसमें तहसील तामिया के ग्राम मानकादेई निवासी हितग्राही को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की कोई भी किश्त प्राप्त नहीं हुई थी। इस पर कलेक्टर ने एल-1 अधिकारी की दो वेतनवृद्धियां रोकने के साथ-साथ एक माह के भीतर पात्रतानुसार भुगतान की कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान यह भी पाया गया कि जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त लगातार टी एल बैठकों में अनुपस्थित रहते हैं। इस पर कलेक्टर श्री सिंह ने असंतोष व्यक्त करते हुए संभागीय आयुक्त को प्रतिवेदन प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं।

जिले के कुछ क्षेत्रों में यूरिया की संभावित कमी को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने अधीनस्थ अमले के माध्यम से अटल पेंशन योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों का पंजीयन सुनिश्चित कराएं। समय सीमा की बैठक में सी.ई.ओ. जिला पंचायत अग्रिम कुमार, प्रभारी ए.डी.एम. अंकिता त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर राहुल कुमार पटेल, उप संचालक सामाजिक न्याय पी. राजौदिया, आयुक्त नगर निगम सी.पी. राय, उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में अन्य एसडीएमए

# नाथ परिवार के चलते जलभराव से बचा हुआ है छिन्दवाड़ा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं पूर्व सांसद नकुलनाथ के विकास कार्यों के सार्थक परिणाम है कि तेज बारिश के दौरान भी जिला मुख्यालय का सम्पर्क ब्लॉक मुख्यालयों से सतत बना हुआ है। कभी भी बाढ़ अथवा पानी भराव जैसी अप्रिय घटना नहीं होती। नाथद्वय द्वारा कराए गए विकास



कार्यों के लिए कांग्रेस नेता शरद नामदेव ने आभार माना है।

शरद नामदेव ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं पूर्व सांसद नकुलनाथ के द्वारा छिन्दवाड़ा में गुणवत्तायुक्त सड़कें व पुलों का निर्माण कराया गया है। परिणाम स्वरूप तेज बारिश के दौरान भी आवागमन बाधित नहीं होता। एक समय वो भी था जब सिंगोड़ी की पेंच नदी, सौंसर का गहरानाला व चांद के समीप थोड़ी बारिश में भी इन पुलों से गुजरना संभव नहीं होता था। बारिश के चलते घंटों जाम लगा रहता था। आवाजाही पूरी तरह से बाधित हो जाया करती थी, किन्तु कमलनाथ एवं नकुलनाथ के द्वारा कराए गए विकास कार्यों के चलते तेज बारिश के दौरान होने वाली तमाम समस्याओं से दूर है।

## सार-समाचार

# अधूरी गोशालाओं को शीघ्र पूरा करने के निर्देश, पानी-बिजली की व्यवस्था करने पर जोर



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सदस्य एनिमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया एवं अध्यक्ष पशुवध गृह समिति व मत्स्य पशुपालन एवं डेयरी विभाग भारत सरकार राम रघुवंशी की अध्यक्षता में कल 7 जुलाई को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष छिंदवाडा में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अध्यक्ष श्री रघुवंशी द्वारा अपूर्ण गौशालाओं को शीघ्र पूर्ण किये जाने, गौशालाओं में बिजली, पानी की व्यवस्था किये जाने, गौशालाओं को स्वावलंबी गौशाला बनाये जाने, गौशाला के आसपास चरनोई भूमि में खेती कर रहे किसानों से भूसा का जुर्माना लगाये जाने, जिले में 5 से 10 एकड़ भूमि का चयन कर गौसमाधि स्थल बनाये जाने, गौशाला को संचालित करने वाले स्व-सहायता समूह को प्रशिक्षित किये जाने एवं जिन गौशालाओं में 150 के आसपास गौवंश हैं उनमें अतिरिक्त शेड बनाने के लिये निर्देशित किया गया। जिले में जो गौशालायें खाली पड़ी हैं, उन्हें नंदी गौशाला बनाने के लिये निर्देशित किया गया। गौशालाओं में स्थित गौचर भूमि के लिये ऑरगेनिक सर्टीफिक्रेशन जारी किये जाने के निर्देश दिये गये।

अध्यक्ष श्री रघुवंशी द्वारा नगरनिगम की गौशाला का संचालन एन.जी.ओं. द्वारा कराये जाने का निर्देश दिया गया। अध्यक्ष श्री रघुवंशी द्वारा गायत्री गौशाला भाजीपानी, श्री शारदामाई गौशाला थावडीकलां, श्री कृष्णा गौशाला समसवाड़ा, नंदनी गौशाला खापाखुर्द, वंशी विनोद गौशाला इटावा, अन्नपूर्णा गौशाला बोरगांव, बाहुबली गौशाला मेघासिवनी के संचालनकर्ताओं को गौशाला में उत्कृष्ट कार्य के लिये प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदाय किये गये।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत छिंदवाड़ा अग्रिम कुमार, प्रभारी ए.डी.एम. श्रीमती अंकिता त्रिपाठी, उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ. एच.जी.एस. पक्षवार, पुलिस विभाग, वन विभाग, विद्युत विभाग, जल जीवन मिशन, खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी, उद्यानिकी विभाग, मत्स्य विभाग, श्रम विभाग, अजीविका मिशन, पशु पालन विभाग के पशु चिकित्सक/गौशाला नोडल अधिकारी एवं गौशाला संचालक उपस्थित थे।

## हिम चौरसिया बने सीए

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** चार्टड एकाऊन्ट की परीक्षा में



श्याम टाकीज के रामकिशोर (रामू) एवं सुमन चौरसिया के पुत्र हिम चौरसिया ने पास की उन्होने नागपुर की बगड़िया एण्ड कम्पनी नागपुर में आर्टिकल शीप की है, हिम ने सी.ए. बनने का श्रेय माता-पिता को दिया।

## जिले में 299.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 299.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 255.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 07 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 22.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 07 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील छिंदवाड़ा में 18.6, मोहखेड़ में 10.2, तामिया में 30, अमरवाड़ा में 17.2, चौरई में 24, हर्रई में 20, बिछुआ में 27.6, परासिया में 17.1, जुन्नारदेव में 10.2, चांद में 35 और उमरेठ में 40.6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 257.4, मोहखेड़ 293.9, तामिया में 292, अमरवाड़ा में 371, चौरई में 202.2, हर्रई में 444.8, बिछुआ में 176.4, परासिया में 237.1, जुन्नारदेव में 362.2, चांद में 253.1 और उमरेठ में 416.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

# जागृति संकीर्तन मंडल धूमधाम से मनाएगा गुरु पूर्णिमा पर्व



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जागृति संकीर्तन मंडल पूर्वी बुधवारी के द्वारा 10 जुलाई 25 दिन गुरूवार को दादाजी धूनी वाले प्रांगण मुख्य पोस्ट आफिस के सामने अनगढ़ हनुमान मंदिर में बड़ी धूमधाम से गुरू पूर्णिमा पर्व मनाने का संकल्प लिया है।

अध्यक्ष भारत डोले ने बताया कि इस अवसर पर प्रातः 10 बजे मुहुर्त में दादाजी की मनमोहक झांकी को मंत्रोप्चार के साथ दादाजी धूनीवाले का महाभिषेक किया जावेगा, दरबार के महंत नागेन्द्र ब्रम्हचारी महाराज जी के करकमलों से दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया जावेगा। भजलो दादाजी का नाम, भजलो हरिदर जी का नाम का जाप दिन भर चलेगा।

शाम 5 बजे से भजन संध्या का भव्य विशाल कार्यकम रात्रि 8 बजे तक चलेगा। श्री धूनीवाले दादा जी की महाआरती के उपरांत धूनी मैया को भोग समर्पित करने के पश्चात् महाप्रसाद का वितरण किया जावेगा।

भारत डोले, सचिव इनोद काम्बले, कोषाध्यक्ष सुरेश मालवी, विनायक चन्ने, गुन्टु इंगले, राजू इंगले, सन्तु जैन, ओमकार चौधरी, सुरेन्द्र डोले, सुरेश मानकर, उमाशंकर श्रीवास्तव, श्रीराम विश्वकर्मा, हरिश पराते, राम उसरेठे, रवि वागमारे, प्रदीप अम्बुलकर, राहुल मालवी, पिन्टु डोले, अमित डोले ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी भक्तजनों से अपील की है सभी धर्मप्रेमी बंधु, माताए बहिने एवं बच्चे कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पधारकर पुण्य लाभ अर्जित करें और अपना जीवन धन्य बनायें ।

# ग्राम उमरहर के स्कूल परिसर में रेत माफिया ने मचा दिया कीचड़

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** थाना चांद तहसील छिन्दवाड़ा के अंतर्गत आने वाले ग्राम उमरहर में रेत माफियाओं ने इस तरह अवैध रूप से रेत का परिवहन कर भण्डारण किया है और स्कूल परिसर का खेल मैदान में कीचड़ इतना अधिक मचा दिया है कि खेल मैदान को पहलवानों का दंगल जैसा बना दिाय है।

बताया जाता है कि रेत माफिया मदनपुर निवासी बताऐं जाते है, ग्रामीणों के मना करने पर उन्हें धमकी दी जाती है कि जो बने कर लेना। इस संबंध में प्रशासन को भी अवगत कराया गया है लेकिन खनिज विभाग के अधिकारी कार्यवाही नहीं की।

सहायक खनिज अधिकारी स्नेहलता से दूरभाष पर चर्चा की गई तो उन्होने बताया कि वर्तमान में हम चांद में जप्ती की कार्यवाही कर रहे है, उमरहर नहीं गए है। जबकि ग्रामीण क्षेत्र के रहवासी बार बार शिकायतें कर रहे थे कि उमरहर से रेत जो भण्डारित है वह अन्यत्र भेजी जा रही है, अवैध रूप से भण्डारित रेत को जप्त नहीं करना माफियाओं को ले जाने के लिए मौका देना निश्चित रूप से खनिज विभाग की मिली भगत का आरोप से इंकार नहीं किया जा सकता।



# बारिश ने बिगाड़ा खेती किसानी का गणित

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जिले में लगातार पिछले तीन सप्ताह से हो रही बारिश के कारण खेती-किसानी का गणित बिगड़ गया है। निरंतर बारिश से किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। लगातार बारिश के कारण जिन किसानों ने पूर्व में कम बतर मिलने पर भी खरीफ की फसलों की बोवनी कर दी थी उनकों भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। अनेक किसानों ने बताया कि बीज लगातार बारिश के कारण खराब हो गया है। वहीं जिले में अभी तक 60 प्रतिशत किसान खरीफ फसलों की बोवनी नही कर पाये हैं। क्योंकि अनवरत बारिश के कारण बतर नही मिल रही और बोवनी नही हो पा रही है। किसानों ने बताया कि लगभग खरीफ फसलों की बोवनी का समय निकलता जा रहा है। जबकि मौसम अभी भी खुला नही है और बारिश रूकने का नाम नही ले रही है। यदि तीन-चार दिन और यही आलम रहा तो खरीफ फसल की बोवनी नही हो पायेगी।

**खेतों में भरा बारिश का पानी, पिछड़ी बोवनी** - पिछले एक सप्ताह से हो रही लगातार बारिश के कारण जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सबसे ज्यादा परेशानी किसानों को हो रही है। लगातार बारिश के कारण खेत खलिहान तालाब में तब्दील हो गए हैं। जहां-तहां पानी ही पानी नजर आ रहा है। ऐसे में जिन किसानों ने पहले खरीफ फसल की बोवनी कर ली थी उनका बीज नष्ट हो गया वहीं अधिकांश किसानों के खेतों में पानी भरा होने से बोवनी-बखरनी का कार्य नही हो पा रहा है। किसान मौसम खुलने का इंतजार कर रहा है।



# गोंडवाना स्टूडेंट यूनियन इंडिया ने कलेक्टर और कुलगुरु के नाम सौंपा ज्ञापन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** गोंडवाना स्टूडेंट्स यूनियन इंडिया छिंदवाड़ा द्वारा कल 7 जुलाई 2025, दिन सोमवार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर आर.टी.ई. प्रवेश में सभी निजी स्कूल संचालकों द्वारा अवैध वसूली की शिकायत के संबंध अवगत कराते हुये बताया कि वर्तमान शैक्षणिक सत्र में मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी गरीब एवं निम्न तबके के परिवार के निराश्रित परिवार के लोगों के लिये मध्यप्रदेश शासन द्वारा आर.टी.ई. निःशुल्क शिक्षा का अधिकार के तहत् ऑन लाईन आवेदन प्रक्रिया के माध्यम से प्रस्तुत सभी अभिभावकों से आवेदन आमंत्रित कराये गये थे, जिसमें निजी स्कूल संचालकों द्वारा आवेदन प्रस्तुत करने के बाद बच्चों को जिन निजी स्कूलों में सीटें आवंटित थी उसे लेकर अवैध रूप से पैसों की वूसली की जा रही है और जो अभिभावक पैसे देने में असमर्थ हैं उन्हे स्कूल में प्रवेश नहीं दिया जा रहा है ।

साथ ही राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय के कुलपति को ज्ञापन सौंपकर जिले में संचालित समस्त कॉलेजों में विद्यार्थियों को समय पर स्टेशनरी उपलब्ध कराने, विश्वविद्यालय प्रांगण में महान राजा और वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शंकर शाह की विशाल प्रतिमा स्थापित करने, राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय के नाम से राजा शब्द हटाकर महाराज शब्द जोड़े जाने,




महाविद्यालयों में छात्र संघ के चुनाव कराये जाने, खेलकूद की सामग्री उपलब्ध कराने, महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं की सुरक्षा हेतु सी.सी.टी.वी. कैमरे लगवाने, स्कॉलरशिप समय पर प्रदान करने सहित छात्रों की अन्य मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा है।

इस अवसर पर गोडवाना स्टूडेंट यूनियन इंडिया के पूर्व जिलाध्यक्ष मिथुन धुर्वे, अतुल राजा उइके, धन्नू धुर्वे, गगन भलावी, निखिलेश शाह उइके (जिला अध्यक्ष), दीपक सरेयाम, अमन मर्सकोले, अमन मरकाम, विजय डेहरिया, प्रीतम बट्टी, प्रदीप कुमरे, उमेश्वर, राकेश कवरेती, कन्हैया यादव, देवा मालवी, राजा प्रहलाद, कमल, नीलेश उइके, अभिषेक, प्रियांश, कार्तिक सहित अन्य कार्यकर्ता एवं महाविद्यालय के छात्र उपस्थित थे।

## एकादशी एवं बाबा खाटू श्याम की दिव्य प्रतिमा का नगर आगमन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** श्याम प्रेमी मित्र मंडल समिति के अथक प्रयासों से गत दिवस छिंदवाड़ा की पावन भूमि पर आध्यात्मिक उल्लास और भक्ति का अनुपम संगम देखने को मिला। बाबा खाटू श्याम जी की दिव्य ब्लैक इटालियन मार्बल से निर्मित प्रतिमा को खाटू नगरी के गर्भगृह से विधिपूर्वक पूजन-पाठ के उपरांत नगर भ्रमण के लिए लाया गया। मुख्य गुप संचालक मयूर विश्वकर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन एकादशी तिथि के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं को बाबा श्याम के दर्शन व आशीर्वाद हेतु आयोजित किया गया। मुख्य पुजारी पंडित हिमांशु भार्गव द्वारा पूजन तथा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन विधिपूर्वक सम्पन्न हुआ।